## श्री डी. के. शर्मा. अध्यक्ष, भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड की ओर से बीबीएमबी स्थापना दिवस पर शुभकामना / संदेश

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के 44वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा गत वर्ष के दौरान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से 8.12% अधिक उत्पादन किया गया। यह लक्ष्य विद्युत उत्पादन इकाइयों की 97.95% मशीन उपलब्धता के कारण संभव हो सका। पिछले कई वर्षों से लगातार भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा की जा रही इस उपलब्धि हेतु आप बधाई के पात्र हैं।

इसके साथ-साथ वर्ष 2018-19 में उत्पादित की गई विद्युत का पारेषण भागीदार राज्यों को बहुत ही कुशलतापूर्वक किया गया। हमारे पारेषण प्रणाली की उपलब्धता 99.69% रही। यह उपलब्धि आप सभी के कठिन परिश्रम व सहयोग से ही संभव हो पाई है। आप सभी इसके लिए बधाई के पात्र है।

बीबीएमबी ने भारत सरकार के नवीन और नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पहल में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपने योगदान देते हुए भवन /कार्यालयों की छतों पर, ग्राऊंड माऊंटिड और फ्लोटिंग सोलर पीवी संयत्र, ग्रिड कनैकटिड रूफ टाप सोलर पीवी के क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा हे। इस योजना के अंतर्गत बीबीएमबी के चण्डीगढ़ कार्यालय जालंधर व जमालपुर, नरेला व दिल्ली उपक्रेंन्द्रो को जोड़ा जा चुका है तथा अन्य केन्द्रों पर कार्य प्रगति पर है। भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के कार्यालयों में स्थापित सोलर पावर पैनलों की कुल क्षमता 435 kWp हो गई है।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के 220 के वी बरनाला उपक्रेन्द के दूरस्थ प्रचालन का उद्घाटन भी किया गया। इस उपकेन्द्र में स्टेट आफ दी आर्ट उपकेन्द्र स्वचालन प्रणाली की स्थापना से बीबीएमबी भारत सरकार की विद्युत यूटीलिटीज़ के एलीट क्लब से जुड़ गया। बीबीएमबी के हिसार, चरखी दादरी, बल्लबगढ़ तथा समयपुर में इसी तरह की प्रणाली उपलब्ध करवाने का काम भी शुरू किया जा चुका है।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के अधीनस्थ जलाशयों में जल की स्थिति इस वर्ष काफी सुखद है और हम आशान्वित हैं कि हम इस वर्ष अपने भागीदार राज्यों की जल की आपूर्ति उनकी आवश्यक्ता के अनुसार कर पायेंगे। इसके साथ-साथ भागीदार राज्यों की विद्युत की बढ़ती मांग के अनुसार हम उन्हें विद्युत की आपूर्ति करने में भी सक्षम होंगे। गत वर्ष मौनसून के दौरान हमें पौंग जलाश्य में जल की अधिक उपलब्धता होने पर जल स्तर को

निधार्रित स्तर से उपर ले जाने का निर्णय लेना पड़ा जिसके कारण पंजाब राज्य के कुछ क्षेत्र बाढ़ के प्रभाव में आने से बच गये और जान माल का नुकसान होने से बच गया।

इसके साथ-साथ गत वर्ष दिसम्बर माह में भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सतत् जल प्रबंधन संबंधी प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफल आयोजन किया। इस कांफ्रेंस का उद्घाटन माननीय आचार्य देवव्रत, राज्यपाल हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। इस कांफ्रेंस में भारत और विश्वभर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

गत वर्ष सितम्बर माह में भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड को वर्ष 2017-18 के दौरान राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कारों की बोर्डो /स्वायत संस्थानों की श्रेणी के अंतर्गत 'ख' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडु जी द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवमय उपलब्धि हेतु मैं भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड में कार्यरत सभी को बधाई देता हूं। इस के अतिरिक्त भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड ने प्रथम बार इतिहास रचते हुए राजभाषा कार्यान्वयन हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालयों की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, तीनों ही पुरस्कार प्राप्त किये। यह पुरस्कार बीबीएमबी के तीन मुख्य कार्यालय नामतः मुख्य अभियंता, भाखड़ा बांध, नंगल, मुख्य अभियंता, पारेषण प्रणाली, चण्डीगढ़ तथा मुख्य अभियंता, प्रणाली परिचालन को वर्ष 2017-18 के लिए राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन हेतु 'ख' क्षेत्र में कार्यालयों की श्रृंखला को प्रदान किये गये। मैं आशा करता हूं कि राजभाषा क्षेत्र में अन्य उपलब्धियों हेतु भी हम प्रयासरत रहेंगे।

गत वर्ष भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा बहुत उपलब्धियां हासिल की गई। भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विभिन्न परियोजना क्षेत्रों और उप केन्द्रों में पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया। दिनांक 14.7.2018 को एक ही दिन में तीन घंटों में 11000 पौधों का पौधारोपण किया गया तथा मानसून अवधि के दौरान सभी परियोजना स्थलों पर 37400 पौधे लगाये गये। इस वर्ष पौधारोपण का काफी बड़ा लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करके एक नये कीर्तिमान स्थापित करने हेतु हमें प्रयासरत रहना है। बडे लक्ष्य ही नये कीर्तिमान स्थापित करते है और यह सब आपसी सहयोग से ही संभव है।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अपने कार्यालयों ई-आफिस लागू कर दिया गया है जिससे फाइलों के शीघ्र निपटान में सहायता मिलेगी। इसके साथ-साथ पेपर की खपत भी कम होगी तथा फाइलों के रख-रखाव में भी सहायता मिलेगी।

इसके साथ-साथ e-Tendering, e-Reverse Auction System, Pension Paper Tracking Software, Visitors Pass Management System, e-Library इत्यादि के software भी भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के system में चालू कर दिये गये हैं। गत वर्ष बीबीएमबी Mobile App, "JanShakti" भी introduce कर दिया गया है। इस सब से

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी और कार्यो का निपटारा शीघ्रता से हो पायेगा।

बीबीएमबी ने ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया और "सर्वश्रेष्ठ राज्य नोडल अधिकारी श्रेणी" और "सर्वश्रेष्ठ यूटी स्तर नोडल अधिकारी श्रेणी" के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए। हरियाणा से 19.38 लाख छात्रों की ऐतिहासिक उच्च प्रतिभागिता जो कुल राष्ट्रीय प्रतिभागिता का 22% था।

बीबीएमबी को इंडेपैन्डैंट पावर प्रोड्यूसर्ज़ एसोसिएशन द्वारा और केन्द्रीय सिंचाई तथा विद्युत बोर्ड द्वारा "सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हाइड्रो पॉवर यूटीलिटी" का पुरस्कार प्रदान किया गया। हमनें पौंग में ब्यास बांध और ब्यास सतलुज लिंक परियोजना के लिए भी "सर्वोत्तम अनुरक्षित परियोजना" के पुरस्कार प्राप्त किए।

बीबीएमबी ने वर्चस्व को कायम रखते हुए केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र यूनिट स्पोर्ट्स टूर्नामैंट में एथलैटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी और बैडमिंटन में स्वर्ण पदक तथा समस्त चैंपियनशिप ट्रॉफी पर भी कब्जा किया। खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु नंगल स्थित 3 करोड़ रुपये की लागत से एक इन्डोर स्टेडियम का निर्माण किया गया है जिसमें खिलाड़ी सभी इन्डोर खेलों को हर मौसम में खेल सकेंगे तथा इनका अभ्यास कर सकेंगे। इस से हमारे खिलाड़ियों की खेलों की प्रतिभा में बढ़ावा होगा तथा वे भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड का नाम और ऊंचा ले जाने में सफल होंगे। इसके साथ-साथ इसी स्टेडियम के बाहरी क्षेत्र में खिलाड़ियो के व्ययाम करने हेतु एक Open Gym भी बनाया गया है।

अंत में पुनः आपके व आपके परिजनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आपको शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

जय हिन्द ।

(डी. के. शर्मा)
अध्यक्ष